न्यायालय तहसीलदार मसूदा, जिला – अजमेर

प्रकरण सं. 135/2019

राजस्थान सरकार जरिए पटवारी हल्का चौलाखाता बनाम श्री नूरा, छोटू पुत्र हिम्मता जाति मेरात निवासी चौलाखाता

भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल.आर. एक्ट

–:निर्णय:–

दिनांक 11/7/19

पत्रावली पेश हुई अप्रार्थी उपस्थित। मैने पत्रावली का अवलोकन किया। पटवारी हल्का चौलाखाता द्वारा सम्वत् 2076 ग्राम चौलाखाता की सिवायचक भूमि खसरा नम्बर 592/343 कुल रकबा 24 11 किस्म भूमि बरडा में से रकबा 11 वीघा भूमि पर अप्रार्थी श्री नूरा, छोटू पुत्र हिम्मता जाति मेरात निवासी चौलाखाता द्वारा नाजायज काश्त कर लिये जाने की भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल.आर.एक्ट के तहत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रकरण भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल.आर.एक्ट के तहत रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी का भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 एल.आर एक्ट के प्रावधानो के तहत नोटिस दिनांक 11/7/19 को मुकाम मसूदा पर उपस्थित होने वावत् जारी किया गया ।

अप्रार्थी ने नोटिस के जवाब में अपने पक्ष में कोई ठोस दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। अत अप्रार्थी के विरूद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। भूमि नियमन योग्य नहीं है।

मैने पत्रावली का विवेचनात्मक अध्ययन एवं मनन किया। अप्रार्थी द्वारा अपने जवाब में कोई ठोस सबूत एवं दस्तावेज पेश नहीं किए एवं अप्रार्थी द्वारा उक्त भूमि पर अपना अवैध अतिक्रमण होना स्वीकार किया। भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड अनुसार सिवायचक खाते में दर्ज है। अप्रार्थी बतौर अतिक्रमी उक्त भूमि पर काविज है।

अतः श्री नूरा, छोटू पुत्र हिम्मता जाति मेरात निवासी चौलाखाता को सिवायचक भमि ग्राम चौलाखाता के खसरा न0 592/343 कुल रकबा 24 11 किस्म भूमि बरडा में से रकबा 11 भूमि पर किए गए नाजायज कब्जे/काश्त के लिए अतिक्रमी घोषित किया जाता है एव आदेश दिए जाते है कि अप्रार्थी को उक्त भूमि में से बेदखल किया जावे एवं आर्थिक दण्ड के रूप मे वार्षिक लगान ... का पचास गुणा 4/– रूपये बतौर शास्ति आरोपित की जावे व मौके पर खडी फसल/ अन्य को जब्त सरकार कर निलाम किया जावे आदेश की पालना में भू–अभिलेख निरीक्षक/पटवारी हल्का को व डिमाण्ड कायमी हेतू तहसील राजस्व लेखाकार को लिखा जावे। पत्रावली बाद कार्यवाही फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

निर्णय आज दिनांक 11/7/19 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया एव शामिल मिसल किया गया।

(प्रभात त्रिपाठी)
तहसीलदार मसूदा
जिला – अजमेर

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Prabhat Tripathi
Date: 2019.12.13 15:57:11 IST
Reason: SelfAttested